Digitized by KMV College Library, Jalandhar

9-5-2017

**Exam. Code : 216302**
**Subject Code : 5820**

# M.A. Hindi 2nd Semester
# ADHUNIK HINDI KAVYA
## Paper—VI

Time Allowed—3 Hours] [Maximum Marks—80

**निर्देश** :— दो खण्डों में विभाजित इस प्रश्न-पत्र के निर्देशानुसार उत्तर दीजिये।

## खण्ड—एक

**नोट** :— यह खण्ड **दो** उपखण्डों में विभाजित है। निर्देशानुसार उत्तर दीजिये।

### उपखण्ड—क

**नोट** :— निम्नलिखित किन्हीं **चार** पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिये। प्रत्येक व्याख्या **6** अंकों की है।

1. बावरे अहेरी रे
कुछ भी अवध्य नहीं तुझे, सब आखेट है :
एक बस मेरे मन-विवर में दुबकी कलौंस को
दुबकी ही छोड़कर क्या तू चला जायगा ?

2. द्वीप हैं हम/यही नहीं है शाप/यह अपनी नियति है/
हम नदी के पुत्र हैं/बैठे नदी के क्रोड़ में/
वह बृहद भूखण्ड से हम को मिलाती है/
और वह भूखण्ड अपना पितर है।

3. अनखोजी निज-समृद्धि का वह परम-उत्कर्ष,
परम अभिव्यक्ति
मैं उसका शिष्य हूँ
वह मेरी गुरु है,
गुरु है !!

Digitized by KMV College Library, Jalandhar

4. ओ मेरे आदर्शवादी मन,
ओ मेरे सिद्धान्तवादी मन,
अब तक क्या किया ?
जीवन क्या जिया।।

5. घर लौटकर/मैंने सारी बत्तियां दीं/
पुरानी तसवीरों को दीवार से/उतारकर/उन्हें साफ किया/
और फिर उन्हें दीवार पर (उसी जगह)/टाँग दिया।

6. चन्द चालाक लोगों ने-/(जिनकी नरभक्षी जीभ ने/
पसीने का स्वाद चख लिया है)/बहस के लिये
भूख की जगह/भाषा को रख दिया है।

### उपखण्ड—ख

**नोट** :— निम्नलिखित किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिये। प्रत्येक प्रश्न **6** अंकों का है।

1. श्री नरेश मेहता के कृतित्व पर सामान्य नोट लिखिये।
2. भारत भूषण अग्रवाल का सामान्य परिचय दीजिये।
3. असाध्य वीणा के प्रतिपाद्य पर प्रकाश डालिये।
4. मुक्तिबोध प्रतिबद्ध कवि हैं। विचार कीजिये।
5. धूमिल की काव्य-भाषा पर विचार कीजिये।
6. अज्ञेय की कविता के शिल्प-सौंदर्य पर नोट लिखिये।

### खण्ड—दो

**नोट** :— निम्नलिखित किन्हीं **दो** विस्तृत प्रश्नों के उत्तर दीजिये। प्रत्येक प्रश्न **16** अंकों का है।

1. अज्ञेय के काव्य की साहित्यिक विशेषताओं का सोदाहरण वर्णन कीजिये।
2. 'फैंटेसी का कवि मुक्तिबोध' विषय पर विवेचनात्मक विचार कीजिये।
3. मानव-मूल्यों के संदर्भ में धूमिल की कविता पर विचार कीजिये।

Digitized by KMV College Library, Jalandhar

Centre No.—3
EVENING
18/08/17

**Exam. Code : 216302**
**Subject Code : 5821**

**M.A. Hindi 2nd Semester**

# HINDI SAHITYA KA ITIHAS

**Paper—VII**

Time Allowed—3 Hours] [Maximum Marks—80

नोट :— यह प्रश्न-पत्र दो खण्डों में विभक्त है। निर्देशानुसार उत्तर दें।

## खण्ड—I

निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं आठ प्रश्नों के उत्तर दीजिये।

1. आधुनिक काल की सामाजिक एवं राजनीतिक परिस्थिति पर नोट लिखें।
2. भारतेन्दु युग के प्रमुख साहित्यकारों का परिचय दीजिये।
3. द्विवेदी युग की कविता की प्रमुख विशेषताएं लिखें।
4. छायावादी काव्य की साहित्यिक विशेषताएं बताएं।
5. स्वच्छंदतावादी चेतना का हिन्दी साहित्य में योगदान स्पष्ट करें।
6. प्रगतिवाद के किन्हीं दो कवियों का साहित्यिक परिचय दें।
7. नवगीत की विशेषताएं लिखें।
8. संस्मरण विधा के विकास पर नोट लिखें।

Digitized by KMV College Library, Jalandhar

9. रेखाचित्र के विकास पर चर्चा करें।

10. कहानी को परिभाषित करते हुए इसके आन्दोलनों का उल्लेख करें।

11. आत्मकथा और जीवनी को पारिभाषित करते हुए, इनमें अंतर स्पष्ट करें।

12. सुमित्रानंदन पंत का साहित्यिक परिचय लिखें। 8×6=48

## खण्ड—II

निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखें।

1. हिन्दी आलोचना का उद्‌भव और विकास स्पष्ट करें।

2. हिन्दी उपन्यास के विकास पर उदाहरण सहित चर्चा करें।

3. प्रयोगवाद के काव्य की विशेषताओं का विस्तारपूर्वक वर्णन करें।

16×2=32

Digitized by KMV College Library, Jalandhar

**Exam. Code : 216302**
**Subject Code : 5822**

**M.A. Hindi 2nd Semester**

**KAVYASHASTRA**

**Paper—VIII**

Time Allowed—3 Hours] [Maximum Marks—80

**निर्देश :—** यह प्रश्न-पत्र **दो** भागों में विभाजित है। निर्देशानुसार उत्तर दीजिये।

**भाग—एक**

निम्नलिखित लघु प्रश्नों में से किन्हीं **आठ** के उत्तर दीजिये।

1. प्लेटो की काव्य संबंधी अवधारणाएं स्पष्ट कीजिये।
2. अरस्तू के त्रासदी विवेचन पर प्रकाश डालिये।
3. रिचर्ड्स के अनुसार 'संवेगों का सन्तुलन' क्या है ?
4. 'अभिव्यंजनावाद' से आप क्या समझते हैं ?
5. स्वच्छन्दतावाद की उपलब्धियां बताइये।
6. अरस्तू के अनुसार 'विरेचन' क्या है ?
7. 'उदात्त' को स्पष्ट करते हुए, उदात्त के अवरोधक तत्वों की चर्चा कीजिये।
8. 'मैथ्यू आर्नाल्ड एक यथार्थवादी आलोचक थे' विचार करते हुए, मैथ्यू आर्नाल्ड द्वारा प्रदत्त आलोचना के स्वरूपगत प्रकार्य बताइये।
9. पाश्चात्य काव्यशास्त्र को प्लेटो का योगदान समझाइये।
10. व्यावहारिक आलोचना पर प्रकाश डालिये।

Digitized by KMV College Library, Jalandhar

11. आधुनिकतावाद का स्वरूप स्पष्ट कीजिये।

12. निम्नलिखित काव्यांश का स्वविवेक के अनुसार समीक्षा कीजिये :

शव को दें हम रंग, आदर, मानव का
मानव को हम कुत्सित चित्र बना दें शव का ?
गत युग के मृत आदर्शों के ताज मनोहर
मानव के मोहांध हृदय में किए हुए घर
भूल गए हम जीवन का सन्देश अनश्वर
मृतकों के हैं मृतक जीवितों का है ईश्वर। 8×6=48

## भाग—दो

निम्नलिखित किन्हीं दो के विस्तृत उत्तर दीजिये।

1. अरस्तू के अनुकरण सिद्धांत को स्पष्ट कीजिये।
2. इलियट का निर्वेयक्तिता का सिद्धांत' क्या है ? सारगर्भित ढंग से समग्र मूल्यांकन कीजिये।
3. मार्क्सवाद पर विचार कीजिये। 16×2=32

Digitized by KMV College Library, Jalandhar

Centre No. 3 Evening 26/05/17

**Exam. Code : 216302**
**Subject Code : 5823**

**M.A. Hindi 2nd Semester**

**MEDIA LEKHAN**

**Paper—IX**

Time Allowed—3 Hours] [Maximum Marks—80

**नोट** :— यह प्रश्न-पत्र **दो** भागों में विभाजित है। निर्देशानुसार ही उत्तर दीजिये।

**भाग—क**

निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं आठ प्रश्नों के उत्तर दीजिये।

1. जनसंचार के श्रव्य माध्यमों पर चर्चा करें।
2. फीचर तथा रिपोर्ताज से क्या अभिप्राय है ?
3. उद्घोषणा लेखन की विशेषताएं बताएं।
4. दूरसंचार की चुनौतियों का उल्लेख करें।
5. संवाद लेखन के समय किन सावधानियों को ध्यान में रखना आवश्यक है ?
6. पटकथा लेखन पर नोट लिखें।
7. समाचार वाचन का वैशिष्ट्य स्पष्ट करें।
8. डॉक्यू ड्रामा किसे कहते हैं ?
9. श्रव्य माध्यमों की भाषा का स्वरूप निर्धारित करें।

Digitized by KMV College Library, Jalandhar

10. जनसंचार में इंटरनेट की भूमिका स्पष्ट करें।

11. रेडियो नाटक क्या है ? स्पष्ट करें।

12. निम्नलिखित परिभाषिक शब्दों का हिन्दी में अनुवाद कीजिये :

(i) Adhoc

(ii) Appendic

(iii) De-facto

(iv) Gratuity

(v) Panel.

8×6=48

भाग—ख

निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिये।

1. श्रव्य-दृश्य माध्यमों पर विस्तारपूर्वक चर्चा करें।

2. विज्ञापन की भाषा की विशेषताएं बताएं।

3. दृश्य माध्यमों की भाषा की प्रकृति पर विस्तृत नोट लिखें।

16×2=32